Headline: MNIT gets new chief of its Board of Governors	
Source: Dainik Bhaskar	**Date:** 02 February 2016

एमएनआईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को मिली नई चेयरपर्सन

जयपुर। राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी एंड सीईओ चित्रा रामकृष्णा को मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की चेयरपर्सन मनोनीत किया है। मानव संसाधन मंत्रालय ने 20 जनवरी के एक आधिकारिक आदेश द्वारा नियुक्ति की घोषणा की है। एमएनआईटी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) के समूह का अंग है। एनआईटी देश में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों का समूह है। राष्ट्रपति इन संस्थानों के कुलाध्यक्ष हैं। मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना 1963 में भारत सरकार और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में की गई थी। 26 जून, 2002 को इस महाविद्यालय को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का स्तर दिया गया।